सुविचार
|| खुद पर यकीन रखो, सफलता जरूर मिलेगी ||

Recognised by Govt. of India

# प्रथम न्यूज

PRATHAM NEWS राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

Website: www.prathamnews.in email:- dainikprathamnews@gmail.com

Pratham News @dainikprathamnews





वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में टूटा जसप्रीत बुमराह का कीर्तिमान, इस फास्ट बॉलर ने किया बड़ा करिश्मा


जालंधर, वर्षः 14 अंक : 313 | 9 दिसंबर 2024 (सोमवार) | सम्पादक : विवेक धीर | सम्पर्कः | 79735-08384, 95693-34416, 97796-00900 | पन्ने-4, मूल्यः ₹2.00 | PUNHIN 1659/2010/36540


## संक्षिप्त न्यूज

### महायुति सरकार के शपथ ग्रहण के दौरान 12 लाख का सामान चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा के चुनाव संपन्न हो गए हैं। एक चरण में 20 नवंबर को हुए मतदान की गणना 23 नवंबर को संपन्न हुई। मतगणना में महायुति को सरकार बनाने का जनादेश मिला। इसके बाद दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में पांच दिसंबर को महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में जहां देवेंद्र फणडवीस ने सीएम पद की तो वहीं एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। हालांकि इस दौरान चोरों की भी चांदी रही। दरअसल, इस शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कुल मिलाकर 12 लाख रुपये के सामान चोरी हो गए। दरअसल, आजाद मैदान थाने के अधिकारी ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके साथ ही आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। अधिकारी ने बताया, 'सोने की चेन, फोन और पर्स चुराने वाले चोरों ने गेट नंबर दो से कार्यक्रम से बाहर निकलने वाले लोगों का फायदा उठाया।

### पवन सिंह संग इस भोजपुरी एक्ट्रेस की हिट हुई केमिस्ट्री, यूट्यूब पर वीडियो को मिले बिलियन व्यूज

**नई दिल्ली।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह पावर स्टार के नाम से दुनिया भर में मशहूर हैं। वह अपनी दमदार एक्टिंग और धमाकेदार गानों के लिए जाने जाते हैं। भोजपुरी ही नहीं बॉलीवुड में भी अपने गानों से तहलका मचा चुके पवन एक बार फिर से अपने एक पुराने रोमांटिक गाने की वजह से चर्चा में आ गए है जो यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। चाहे उनकी प्रोफेशनल लाइफ हो या पर्सनल वह हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। फैंस के दिलों में गहरी छाप छोड़ने वाले पवन सिंह अपने दर्शकों का मनोरंजन करने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। उनके गाने ही नहीं फिल्में भी लोगों को बहुत पसंद आती है। पवन सिंह ने अपने फिल्मी करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे लेकिन कभी हार नहीं मानी है। निजी जिंदगी में चाहे कितनी भी मुश्किलें क्यों न हों, लेकिन उन्होंने अपने काम से हमेशा फैंस को खुश करने की कोशिश की है। यही वजह है कि उनके फैंस उनसे काफी जुड़ाव महसूस करते हैं। उनके गानों और एक्टिंग ने भोजपुरी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है। वह ऐसा कंटेंट लेकर आते हैं, जिससे देखने पर कोई भी मजबूर हो सकता है।

### BCI ने एडवोकेट संजीव नासियार को उपाध्यक्ष पद से हटाने के दिए निर्देश, CBI से कराई जाएगी यह जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली बार काउंसिल में एडवोकेट संजीव नासियार उपाध्यक्ष पद पर तैनात थे मगर उन्हें तत्काल रूप से उनके पद से हटाने के निर्देश दे दिए गए हैं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) ने यह निर्देश दिया है। इतना ही नहीं बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने इसके अलावा बार काउंसिल के सचिव को यह भी निर्देश दिया है कि वो केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी CBI से संजीव नासियार की LLB ऑनर्स की डिग्री की प्रामाणिकता और साथ ही संबंधित अभिलेखों के संभावित जालसाजी की जांच कराए। आपको बता दें कि संजीव नासियार AAP के कानूनु प्रकोष्ठ हैं जिन्हें अब इस जांच का सामना करना पड़ेगा। आपको बता दें कि 7 दिसंबर को बार काउंसिल ऑफ इंडिया की एक बैठक हुई। इसके बाद BCI ने यह निर्देश दिया है। निर्देश में BCI ने लिखा, '7 दिसंबर को हुई बैठक में देव अहिल्याबाई विश्वविद्याल, इंदौर द्वारा दिल्ली बार काउंसिल के उपाध्यक्ष संजीव नासियार को जारी की गई LLB की डिग्री में अनियमितताओं के आरोपों के संबंध में तत्काल और निर्णायक कार्रवाई करने का फैसला लिया है।

---

सीरियाई सरकारी टैलीविजन चैनल ने कुछ लोगों के एक समूह का वीडियो बयान प्रसारित किया है

# सीरिया में असद परिवार के शासन का हुआ अंत, लोगों ने सड़कों पर उतरकर मनाया जश्न

प्रथम न्यूज । बेरूत, 8 दिसंबर (ब्यूरो)

सीरिया की राजधानी दमिश्क में विद्रोहियों के घुसने और राष्ट्रपति बशर-अल असद के देश छोड़कर भागने संबंधी दावों के बीच सरकार गिरने के साथ ही असद परिवार के 50 साल के शासन का रविवार तड़के अप्रत्याशित अंत हो गया। इसके बाद लोगों ने सड़कों पर उतरकर जश्न मनाया। सीरियाई सरकारी टैलीविजन चैनल ने कुछ लोगों के एक समूह का वीडियो बयान प्रसारित किया है जिसमें वो कहते नजर आ रहे हैं कि राष्ट्रपति बशर असद को सत्ता से बाहर कर दिया गया है और जेल में बंद सभी कैदियों को रिहा करा दिया गया है।



### राजधानी छोड़ चुके हैं असद

'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' के रामी अब्दुर्रहमान ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि असद ने रविवार तड़के दमिश्क से उड़ान भरी। राजधानी के निवासियों को गोलीबारी और विस्फोटों की आवाजें सुनाई दी हैं। सीरिया में युद्ध के दौरान असद के मुख्य समर्थक रहे ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने खबर दी कि असद राजधानी छोड़ चुके हैं। टेलीविजन चैनल ने इस जानकारी के लिए कतर के 'अल जजीरा न्यूज नेटवर्क' का हवाला दिया लेकिन कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी।

### जश्न मनाने के लिए जमा हुए लोग

सीरियाई लोगों की भीड़ रविवार सुबह दमिश्क के चौहारों पर जश्न मनाने के लिए एकत्र हुई, उसने असद विरोधी नारे लगाए और कार के हॉर्न बजाए। कुछ इलाकों में जश्न में गोलियां भी चलाई गईं। सैनिक और पुलिस अधिकारी अपनी चौकियां छोड़कर भाग गए और विद्रोही रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय में घुस गए।

### क्या बोले स्थानीय निवासी

स्थानीय निवासी वकील उमर दाहेर (29) ने कहा, ''मैं अपनी भावनाएं व्यक्त नहीं कर सकता। उन्होंने (असद ने) और उनके पिता ने हमें कई साल तक जिस डर में रहने को मजबूर किया और जिस दहशत एवं आतंक की स्थिति में मैं जी रहा था, मुझे उस पर यकीन नहीं होता।'' दाहेर ने कहा कि उनके पिता को सुरक्षा बलों ने मार दिया था और उनके भाई को हिरासत में ले लिया गया था और यह नहीं पता कि उसके साथ क्या हुआ।

#### असद सरकार के करीबियों ने बनाई दूरी

सीरियाई सैनिकों ने वर्षों की घेराबंदी के बाद 2018 में राजधानी के बाहरी इलाकों पर फिर से कब्जा कर लिया था। सरकार समर्थक 'शाम एफएम रेडियो' ने बताया कि दमिश्क हवाई अड्डे को खाली करा लिया गया है और सभी उड़ानें रोक दी गई हैं। विद्रोहियों ने यह भी घोषणा की कि वो राजधानी के उत्तर में स्थित सैदनाया सैन्य जेल में घुस गए हैं और उन्होंने वहां से कैदियों को मुक्त करा लिया है। इस बीच, जो संगठन पहले असद सरकार के करीबी थे, उन्होंने उनसे दूरी बनाने का प्रयास किया। सरकार समर्थक रहे 'अल-वतन' समाचार पत्र ने लिखा, ''हम सीरिया के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत देख रहे हैं। हम अल्लाह का शुक्रिया अदा करते हैं कि उन्होंने और ज्यादा खून नहीं बहाया। हमारा मानना है और हमें भरोसा है कि सीरिया सभी सीरियाई लोगों के लिए होगा।''

उन्होंने कहा कि असद ''एक अपराधी, तानाशाह और जानवर है।'' मध्य दमिश्क में एक अन्य व्यक्ति गजल अल-शरीफ ने कहा, ''राष्ट्रपति पर और पूरे असद परिवार पर धिक्कार है।''

### खाली नजर आया पुलिस मुख्यालय

दमिश्क में 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) के एक पत्रकार ने बताया कि उसने राजधानी के बाहरी इलाके में सड़क के किनारे हथियारबंद निवासियों के समूहों को देखा और गोलियों की आवाजें सुनीं।

---

# जम्मू : PDP प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी ने दिया विवादित बयान, कहा- 'हिंदुत्व नफरत का दर्शन है, यह एक बीमारी है'

प्रथम न्यूज । जम्मू, 8 दिसंबर (ब्यूरो)

पीडीपी नेता और महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने हिंदुत्व को लेकर विवादित बयान दिया है। उनके इस बयान के बाद सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि हिंदुत्व नफरत का दर्शन है।

### इल्तिजा मुफ्ती ने और क्या कहा?

इल्तिजा मुफ्ती ने कहा, 'हिंदुत्व और हिंदू धर्म में बहुत अंतर है। हिंदुत्व नफरत का दर्शन है जिसे वीर सावरकर ने 1940 के दशक में भारत में फैलाया था। जिसका उद्देश्य हिंदुओं का आधिपत्य स्थापित करना था और दर्शन यह था कि भारत हिंदुओं का है और हिंदुओं के लिए है।'

उन्होंने कहा कि इस्लाम की



तरह हिंदू धर्म भी एक ऐसा धर्म है जो धर्मनिरपेक्षता, प्रेम और करुणा को बढ़ावा देता है। इसलिए, हमें जानबूझकर इसे विकृत नहीं करना चाहिए। 'जय श्री राम' का नारा 'रामराज्य' के बारे में नहीं है, बल्कि इसे लिंचिंग से जोड़ा जा रहा है। यह बहुत शर्मनाक है कि हिंदू धर्म को विकृत किया जा रहा है। मैंने हिंदुत्व की आलोचना की क्योंकि यह एक बीमारी है।

### बीजेपी ने की आलोचना

इल्तिजा मुफ्ती के बयान की जम्मू बीजेपी ने अलोचना की है। जम्मू बीजेपी के नेता रविंदर रैना ने कहा, 'PDP नेता ने बहुत अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। राजनीति में मतभेद हो सकते हैं लेकिन अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती को अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए।'

हालही में भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के नेताओं ने पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। दरअसल महबूबा मुफ्ती ने बांग्लादेश के हालातों की तुलना भारत से की थी, जिसे लेकर भाजपा ने विरोध जताया था और कार्रवाई की मांग की थी। इसके अलावा भाजपा के नेताओं ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा आतंकवादी संबंधों को लेकर दो सरकारी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने का स्वागत किया था।

---

# 'यह बहुत गंभीर घटना,' स्वर्ण मंदिर में सुखबीर सिंह बादल पर चली गोली को लेकर बोले SAD नेता दलजीत सिंह चीमा

प्रथम न्यूज । अमृतसर, 8 दिसंबर (ब्यूरो)

स्वर्ण मंदिर में 4 दिसंबर को सुखबीर सिंह बादल पर गोली चलने पर शिरोमणि अकाली दल के नेता दलजीत सिंह चीमा का एक बयान साने आया है। उन्होंने कहा, 'यह बहुत गंभीर घटना है। गुरु के आशीर्वाद से उनकी जान बच गई। दूसरी बात, घटनास्थल हरमंदिर साहिब का द्वार है। तीसरी बात, सुखबीर सिंह बादल अकाल तख्त के आदेशानुसार वहां एक गार्ड के रूप में 'सेवा' करने गए थे। इससे करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। यह शर्मनाक है कि लोग ऐसे गंभीर मुद्दों पर राजनीतिक बयानबाजी करते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'हमने पहले भी कहा था कि यह एक बड़ी घटना है, उदारवादी सिख नेतृत्व को खत्म करने की एक बड़ी साजिश है।



इसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए। हमलावर को पकड़ लिया गया है, लेकिन इसके पीछे कौन है, साजिश कहां रची गई, यह सामने आना चाहिए।'

बता दें कि कुछ दिनों पहले पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली चीफ सुखबीर सिंह बादल पर अमृतसर के गोल्डन टेंपल में फायरिंग हुई थी। स्वर्ण मंदिर के प्रवेश द्वार पर एक व्यक्ति ने शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल पर गोलियां चला दीं थी। दरअसल, सुखबीर सिंह बादल सहित शिरोमणि अकाली दल के नेता 2 दिसंबर को श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा उनके लिए घोषित धार्मिक दंड के तहत 'सेवा' कर रहे थे, तभी यह हमला हुआ था।

सुखबीर सिंह बादल धार्मिक सजा के तौर पर दरबान के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे। तभी अचानक से एक शख्स सामने से आता है और पिस्तौल निकालकर तान देता है। मौके पर मौजूद लोगों ने उसपर काबू पाकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया था।

सुखबीर सिंह बादल ने जान बचाने वाले दो पुलिस अधिकारियों के बारे में शेयर की भावुक पोस्ट

वहीं, हाल में सुखबीर सिंह बादल ने अपनी जान बचाने वाले दो पुलिस अधिकारियों के बारे में एक भावुक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर शेयर की।

सुखबीर बादल ने सोशल मीडिया मंच X पर सहायक उपनिरीक्षक (ASI) जसबीर सिंह और हीरा सिंह की तस्वीरें पोस्ट कीं जो उनकी सुरक्षा में शामिल हैं।

---

# राजसमंद में बड़ा हादसा, बेकाबू होकर बस के पलटने से 3 बच्चियों की मौत, 25 घायल

प्रथम न्यूज । राजस्थान, 8 दिसंबर (ब्यूरो)

राजस्थान के राजसमंद जिले में बड़ा हादसा हो गया। जिले के चारभुजा थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित बस के पलटने से तीन स्कूली बच्चियों की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य घायल हो गए। घटना रविवार सुबह की है। पुलिस के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब आमेट के महात्मा गांधी स्कूल के स्टूडेंट्स पिकनिक के लिए देसूरी (पाली) स्थित परशुराम महादेव मंदिर जा रहे थे।

### बस में 62 बच्चे थे सवार

बस में 62 बच्चे और 6 अध्यापक सवार थे। जब बस




देसूरी नाल के पास पहुंची, तो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन लड़कियों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनकी पहचान प्रीति (12), आरती (13) और अनीता (14) के रूप में हुई है। घायलों में 25 बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा, बस में सवार अन्य 37 बच्चों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है और इस संबंध में बस ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस थानाधिकारी गोवर्धन सिंह ने बताया कि हादसे की जांच जारी है और दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दो पुलिस कांस्टेबल की मौत

वहीं, एक अन्य खबर में तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा गजवेल शहर में हुआ, जब दोनों कांस्टेबल मैराथन में शिरकत करने के लिए हैदराबाद जा रहे थे। हादसे में दोनों पुलिसकर्मी मौके पर ही अपनी जान गंवा बैठे। उनकी उम्र करीब 40 से 45 साल के बीच थी।

---

# अयोध्या : मिल्कीपुर उपचुनाव से पहले सपा में कलह, सांसद अवधेश प्रसाद से नाराज सूरज चौधरी ने 500 साथियों के साथ छोड़ी पार्टी

प्रथम न्यूज । मिल्कीपुर, 8 दिसंबर (ब्यूरो)

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। मिल्कीपुर विधानसभा में समाजवादी पार्टी को झटका लगा है। सांसद अवधेश प्रसाद पर टिकट को लेकर परिवारवाद का आरोप लगाकर सूरज चौधरी ने अपने 500 साथियों के साथ पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये जानकारी दी है।

### क्या है पूरा मामला?

अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में सपा से टिकट को लेकर कलह शुरू हो गई है। सांसद अवधेश प्रसाद पर परिवारवाद का आरोप लगाकर मिल्कीपुर क्षेत्र के सपा नेता सूरज चौधरी ने अपने 500 साथियों



के साथ पार्टी छोड़ दी है। सांसद अवधेश प्रसाद पर उन्होंने परिवारवाद का आरोप लगाया है।

उन्होंने वादा किया था कि सांसद बनने के बाद सूरज चौधरी को टिकट दिलवाएंगे लेकिन उन्होंने अपने बेटे अजीत प्रसाद को टिकट दिलवा दिया। सूरज चौधरी का दावा है कि अजीत प्रसाद लगभग 50 हजार वोट से हारेंगे। सूत्रों की मानें तो सूरज चौधरी भीम आर्मी के संपर्क में हैं।

### सूरज चौधरी ने क्या कहा?

सूरज चौधरी ने कहा कि अवधेश प्रसाद को हम सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मिलकर चुनाव जिताने में रात दिन एक किया, अब चुनाव जीत जाने के बाद उपचुनाव लड़ने के लिए सिर्फ निष्क्रिय पुत्र अजीत ही दिखाई दे रहा है, जिसका लोकसभा चुनाव से कोई लेना-देना ही नहीं था।

सूरज ने कहा कि सांसद अवधेश ने लोकसभा चुनाव के दौरान मुझसे सैकड़ों बार वादा किया था कि जब वह सांसद बन जाएंगे तो मिल्कीपुर सीट से सूरज को उपचुनाव लड़ाएंगे। लेकिन चुनाव जीतने के दूसरे दिन से ही अवधेश एकदम बदल गए और झूठ बोलना शुरू कर दिया।

सूरज ने कहा कि आर्थिक शोषण एवं नुकसान के अलावा हम लोगों को अवधेश प्रसाद ने कुछ नहीं दिया। इसीलिए आज मैं पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं।

---

# डॉक्टर ने युवती और उसके पिता के साथ की मारपीट, पर्चा बनवाने को लेकर हुआ विवाद

प्रथम न्यूज । फर्रुखाबाद, 8 दिसंबर (ब्यूरो)

जिले में एक डॉक्टर की हैवानियत की तस्वीरें सामने आई हैं। यहां मामूली बात को लेकर हुए विवाद में डॉक्टर ने दलित युवती और उसके पिता को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा है। यहां हाथ दिखाने आई दलित युवती का पर्चा बनवाने को लेकर डॉक्टर विकास अग्रवाल के अस्पताल में विवाद हुआ, जिसके बाद डॉक्टर विकास अग्रवाल ने अपने स्टाफ के साथ दलित युवती व उसके पिता के साथ मारपीट की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर दलित युवती के भाई एवं अन्य परिजन भी मौके पर पहुंच गए और अस्पताल स्टाफ को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा।

### सलाह के लिए पिता के साथ अस्पताल गई थी युवती

फतेहगढ़ के मोहल्ला पुलमंडी निवासी विनोद कुमार कायमगंज के ब्राहिमपुर प्राइमरी स्कूल में शिक्षक हैं। उनकी बेटी अंकिता की डेढ़ माह पहले हाथ की हड्डी टूट गई थी। उसने आवास विकास स्थित एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन



करवाकर इलाज कराया। कुछ दिन पहले प्लास्टर कटने के बाद भी दर्द कम नहीं हुआ, तो शनिवार शाम करीब चार बजे अंकिता पिता के साथ अस्पताल पहुंची। उसने डॉक्टर से राय लेने की बात कही, तो कर्मचारी ने 200 रुपये का पर्चा बनवाने की जिद की। युवती ने कहा कि उसे सिर्फ राय लेनी है। वह अपने इलाज में 30 हजार रुपये दे चुकी है।

### डॉक्टर और स्टाफ ने की अभद्रता

इतना कहते हुए युवती डॉक्टर के चैंबर में घुस गई। आरोप है कि बिना फीस चुकाए पहुंचने पर डॉक्टर ने युवती को गाली दी। युवती ने विरोध किया तो उसे पीटते हुए बाहर निकाल दिया। युवती अस्पताल के बाहर पहुंची तो आरोपी डॉक्टर और उसके कर्मचारियों ने युवती और उसके पिता को जूते चप्पलों से पीट दिया। पिटाई से आहत युवती बेसुध होकर जमीन पर गिर गई। युवती के परिजनों और अस्पताल कर्मचारियों की बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस मूक दर्शक बनी रही।

### जाते समय की गई मारपीट

पीड़ित विनोद कुमार ने बताया कि वह हेलमेट लगाकर घर जानने के लिए बाइक पर बैठ गए थे। जब 30 हजार रुपये खर्च कर सकते हैं, तो 200 रुपये कोई बड़ी बात नहीं थी। मगर काउंटर कर्मी ने बेहद अभद्र भाषा का प्रयोग किया। यह पीड़िता अंकिता को खराब लगा। इसी के चलते अंकिता कर्मचारी की शिकायत करने डॉक्टर के कमरे में चली गई। वहां डॉक्टर ने हदें पार करते हुए बेटी को गंदी गाली दी। इसके बाद जो कुछ हुआ, वह सभी ने बीच सड़क पर देखा।

## संक्षिप्त न्यूज

### 17 दिसंबर को बरोटीवाला में होगा जिला स्तरीय पेंशनर्स दिवस समारोह : के.डी. शर्मा



प्रथम न्यूज । बद्दी, (गुरजीत सिंह)- जिला पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन द्वारा अपना अखिल भारतीय पेंशन दिवस समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से 17 दिसंबर मंगलवार सुबह 11 बजे बरोटीवाला में ठाकुर मैरिज पैलेस नजदीक टैंपो यूनियन में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संगठन आत्मा राम शर्मा शिरकत करेंगे। समारोह की अध्यक्षता जिला पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष एवं राज्य कार्यकारिणी के मुख्य सलाहकार के डी शर्मा करेंगे। यह जानकारी जिला के महासचिव जगदीश पंवर ने दी। उन्होंने जिला के तमाम पेंशनर्स व जिला के 12 सब यूनिटों के पदाधिकारियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस समारोह की शोभा बढ़ाएं। महासचिव जगदीश पंवर ने यह भी बताया कि पेंशनरों के मनोरंजन के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग हिमाचल प्रदेश के नाट्य दल को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया है। जगदीश पंवर ने जिला के तमाम पेंशनरों तथा सब यूनिटों के तमाम पदाधिकारी से आग्रह किया है कि 17 दिसंबर सुबह 11 बजे बरोटीवाला में ठाकुर मैरिज पैलेस, नजदीक टैंपो यूनियन में पहुंच कर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। यह जानकारी जिला पेंशनर एवं कल्याण संगठन के जिला मीडिया प्रभारी डी.डी.कश्यप ने प्रेस को जारी बयान में दी।

### जोघो स्कूल में खंड स्तरीय कुक कम हैल्पर की प्रायोगिक प्रतियोगिता का आयोजन



प्रथम न्यूज । नालागढ़, (गुरजीत सिंह)- राजकीय केन्द्रीय विद्यालय जोघो में खंड स्तरीय कुक कम हैल्पर की प्रायोगिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक विद्यालयों के पांच जोनो सहित वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के दो जोन के साथ सात प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें प्रतिभागियों द्वारा राजकीय केन्द्रीय पाठशाला जोघो के प्रांगण में व्यंजन बनाकर अपनी अपनी प्रतिभा को दिखाया। खंड स्तरीय प्रतियोगिता से पहले सभी प्रतिभागी अपने अपने विद्यालय से लेकर केंद्र व फिर जोन स्तरीय प्रतियोगिता में से प्रथम आकर इस खंड स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए आज की इस प्रतियोगिता में आठ प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया जिसमें रेनू बाला पंजैहरा जोन प्रथम रही , द्वितीय कुलविंदर कौर राजपुरा जोन तथा तीसरे स्थान पर बाहा जोन की उषा देवी रही। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को खंड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी नालागढ़ तारा देवी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में खंड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी तारा देवी केन्द्र प्रभारी जोघो निर्मला देवी वीना सोढी केन्द्र प्रभारी भोगपुर, हरि बिलास केन्द्र प्रभारी लोहारघाट , मेवा सिंह, राजपुरा शिव सिंह व सुरेंद्र कौर जोघो, ज्ञान सिंह बाहा , अनमोल सिंह प्रधान विद्यालय प्रबंधन समिति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोघो व बिंदु सदस्य विद्यालय प्रबंधन समिति राजकीय प्राथमिक पाठशाला जोघो , वंशिता,कोमल, जसप्रीत, राशि आदि उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तमाम यादगार पलों को देखा जा सकेगा देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर: वर्षा खंगवाल

प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र, (बृजमोहन)- सूचना जनसम्पर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग की अतिरिक्त निदेशिका वर्षा खंगवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के तमाम सांस्कृतिक, धार्मिक, शिल्प और सरस मेले के यादगार पलों को देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के लोग भी आनंद ले पाएंगे। इसके लिए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से आरती स्थल ब्रह्मसरोवर, पुरुषोत्तमपुरा बाग, हरियाणा व उड़ीसा पैविलियन, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गीता सेमिनार, थीम पार्क में वैश्विक गीता पाठ सहित अन्य कार्यक्रमों की लाईव स्ट्रीमिंग की जाएगी। इसके लिए उच्च स्तरीय प्रबंध किए जाएंगे। एडीपीआर वर्षा खंगवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभागीय अधिकारियों की अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की है। इससे पहले महानिदेशक केएम पांडु रंग ने अधिकारियों को महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से पुरुषोत्तमपुरा बाग में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में गीता महोत्सव, महाभारत, 48 कोस तीर्थों के इतिहास को अनोखे अंदाज से दर्शाया जाएगा। इस प्रदर्शनी में 18 विभागों की उपलब्धियों और योजनाओं को भी रखा जाएगा। इस प्रदर्शनी का आयोजन 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक होगा। इस दौरान पुरुषोत्तमपुरा बाग सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य मंच पर 5 दिसंबर को तंजानिया व हरियाणा के कोलोग्राफी, 7 दिसंबर को प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा, 8 दिसंबर को एनजैडसीसी, 9 दिसंबर को प्रसिद्ध कलाकार मनीषा व कुमार विश्वास और 11 दिसंबर को मीनाक्षी शेषाद्रि अपनी प्रस्तुति देंगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा व उड़ीसा के पैविलयन में भी सुबह के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रोजाना प्रस्तुति होगी। इस मंच पर हरियाणा के प्रसिद्ध लोक कलाकार हरियाणा प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत करेंगे। इस महोत्सव के हर कार्यक्रम को सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर भी देखा जा सकेगा। इन तमाम कार्यक्रमों के प्रबंधों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है कि समय रहते सभी तैयारियां पूरी करे ताकि किसी प्रकार की कोई कमी ना रहे।

### समाधान शिविरों में आमजन की समस्याओं का हो मौके पर समाधान



प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र, (बृजमोहन)- अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान मौके पर किया जा रहा है, समाधान शिविरों को सभी अधिकारी गंभीरता से ले। शिविर से संबंधित रोजाना रिपोर्ट अधिकारी उपायुक्त कार्यालय में दें तथा समय सीमा के अन्दर समस्या से संबंधित एटीआर पोर्टल पर अपलोड करें। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में आम जन की समस्याओं को सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में सभी अधिकारी उपस्थित होने चाहिए और अगर कोई समस्या मुख्यालय से संबंधित है तो वह तुरन्त संबंधित विभाग के कार्यालय में भेज दें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जिला स्तर पर लघु सचिवालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित हो रहा है, इसी तरह से नगर परिषद, नगर पालिका और संबंधित उपमंडल अधिकारी के कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित हो रहे हैं, जहां पर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग के एनडीसी लेने, पेंशन, बिजली,पानी, अपराध आदि से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

**मुख्यमंत्री ने हिमाचल दस्तक के प्रयासों की सराहना**

# जनजातीय क्षेत्रों में महिला अधिकारों पर सहमति बनाने का प्रयास: मुख्यमंत्री

प्रथम न्यूज । शिमला, 8 दिसंबर (वी शर्मा)



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल दस्तक के 'नारी तू नारायणी' कार्यक्रम में प्रदेश की 12 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। उन्होंने चंबा जिला की अंजना वकील, कांगड़ा जिला की सीमा कुमार चौधरी, ऊना जिला की मोनिका सिंह, हमीरपुर की चेतना शर्मा, बिलासपुर जिला की रचना कुमारी, मंडी की दीक्षा, कुल्लू जिला की अनिता ठाकुर, लाहौल-स्पीति जिला की रिगोजन छोइडोन, किन्नौर जिला की रतन मंजरी, शिमला जिला की कमला चौहान, सोलन जिला की नील कमल तथा सिरमौर जिला की खुशनुमा को सम्मानित किया। सभी को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान एवं कल्याण को विशेष प्राथमकिता प्रदान कर रही है तथा पिछले दो वर्षों में अनेक कल्याणकारी योजनाएं आरंभ की गई हैं। उन्होंने कहा कि आज बेटियों में आत्म विश्वास बढ़ा है, जो हमारे समाज की बदलती सोच को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने हिमाचल दस्तक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह चुनौतियों का सामना करने वाली महिलाओं के सम्मान देने का उचित मंच है। उन्होंने कहा ''मैं पिछले वर्ष भी इस कार्यक्रम में आया था। मैं इस आयोजन के लिए सलाम करता हूं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि किन्नौर जिला की रतन मंजरी महिला अधिकारों के लिए पिछले कई वर्षों से लड़ाई लड़ रही हैं क्योंकि जनजातीय क्षेत्रों में कानून के तहत महिलाएं कई अधिकारों से वंचित हैं। उन्होंने कहा ''मैं महिलाओं को भी समान अधिकार देने का पक्षधर हूं। किसी के अधिकारों को वंचित करना अच्छी बात नहीं है। हमारी सरकार इस दिशा में सहमति बनाने की कोशिश कर रही है और सहमति बनाने के बाद कानून को बदलने से भी पीछे नहीं हटेंगे।'' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद की शपथ के बाद सचिवालय जाने की परंपरा को तोड़कर बालिका आश्रम गया। उन्होंने कहा कि सभी 6000 अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रुप में अपनाने के लिए देश का पहला कानून बनाया। दूसरे बजट में विधवाओं के 23 हजार बच्चों की 27 वर्ष तक की उच्च शिक्षा का पूरा खर्च उठाने का प्रावधान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मेधावी विद्यार्थियों को 20 लाख रुपये तक का ऋण एक प्रतिशत ब्याज दर पर डॉ. वाई.एस. परमार विद्यार्थी ऋण योजना के तहत प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से अपनी जीवनशैली में बदलाव लाने की अपील की ताकि वह स्वस्थ जीवन जी सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जलवायु को बचाए रखने के लिए राज्य सरकार ने 31 मार्च, 2026 तक ग्रीन एनर्जी स्टेट बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा यह एक सोच है और आने वाली पीढ़ियों को बचाने का प्रयास है। पांच राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल निर्मित करने का कार्य शुरू हो चुका है और अन्यों का भी चरणबद्ध तरीके से निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है, जिसमें सभी का सहयोग आवश्यक है। पिछली सरकार के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में गिरावट आई है, जिसे ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान इंडियन आइडल फेम नेहा दीक्षित और गायक एसी भारद्वाज ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर विधायक हरीश जनारथा, विवेक शर्मा, हिमाचल दस्तक के अध्यक्ष के. डी. श्रीधर, मुख्य संपादक हेमंत, राज्य ब्यूरो प्रमुख मस्त राम डलेल, सचिव राखिल काहलों, उपायुक्त अनुपम कश्यप सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## AIPNBOF ने 26 और 27 को दो दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है

प्रथम न्यूज । बंगाना, 8 दिसंबर (जोगिंद्र देव)



पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के हजारों अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले अखिल भारतीय पंजाब नेशनल बैंक अधिकारी महासंघ (AIPNBOF) ने 26 और 27 दिसंबर 2024 को दो दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है। हड़ताल का उद्देश्य कार्य-जीवन संतुलन, स्टाफ की कमी और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस), अनुलाभ पर टैक्स, संगठनों के बीच भेदभाव ख़त्म करवाना आदि नीतियों से संबंधित शिकायतों का समाधान करना है।

ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन ने पीएनबी प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों पर इन मुद्दों के बारे में बार-बार किए गए संवाद को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है।

ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय उप महासचिव प्रदीप कौंडल ने बताया कि कुछ प्रमुख मांगों को लेकर संगठन ने राष्ट्रीय महासचिव कामरेड कृष्णा कुमार के नेतृत्व में दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। जिसमें बेहतर कार्य-जीवन संतुलन के लिए पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह का कार्यान्वयन, जनशक्ति की कमी को दूर करने के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की भर्ती, एनपीएस के अंतर्गत कर्मचारियों को पेंशन फंड मैनेजर चुनने की स्वतंत्रता समेत अन्य मुद्देशामिल हैं। 01 नवंबर 2022 से 31 दिसंबर 2023 की अवधि के लिए चिकित्सा सहायतामहासंघ ने वर्तमान कार्य पद्धतियों, जैसे लंबे समय तक काम करना, नियमित अवकाश कार्य, तथा कर्मचारियों के प्रयासों को अपर्याप्त मान्यता प्रदान करना, पर भी कड़ी आपत्ति जताई है।

बैंक कर्मचारियों को मिलने वाले अनुलाभ पर लगने वाले टैक्स का बोझ कर्मचारियों के बजाय बैंक अपने ऊपर लेने की माँग की है। कामरेड प्रदीप कौंडल ने बताया कि इसके अतिरिक्त, यूनियन ने बैंक द्वारा अधिकारियों के स्थानांतरण और लाभों के प्रबंधन में कथित भेदभाव को उजागर किया है, साथ ही उड़ान जैसे डिजिटल उपकरणों के माध्यम से प्रदर्शन के मूल्यांकन में भी समस्याओं पर प्रकाश डाला है।पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने की मांग बैंकरों के बीच कार्य-जीवन संतुलन की आवश्यकता पर आधारित है।

26 और 27 दिसम्बर को घोषित दो दिवसीय हड़ताल से देशभर में बैंकिंग परिचालन प्रभावित होने की आशंका है। ऑल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन ने सरकार और पीएनबी प्रबंधन से उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान देने का आग्रह किया है।

## विद्या पब्लिक स्कूल औहर में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह



प्रथम न्यूज । बिलासपुर, 8 दिसंबर (जितेंद्र गौतम)

झण्डूता उपमंडल के फोरलेन क्षेत्र के साथ स्थित दयानंद आदर्श विद्या पब्लिक स्कूल औहर में वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर देवेन्द्र चंदेल सेवा निवृत्त योग अध्यापक और टीडी शर्मा चेयरमैन ऑफ अल्फा पब्लिक स्कूल बरठी ने मुख्यातिथि के रूप में उपसथित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित मां सरस्वती की वंदना से हुआ।

कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर कार्यक्रम में आए सभी अभिभावकों का मन मोह लिया इस कार्यक्रम में बच्चों ने घर आजा परदेसिया , लौंग लाची जैसे पंजाबी गानों पर अपना नृत्य प्रस्तुत किया । इस समारोह में पाठशाला की मुख्य अध्यापिका सुमन कुमारी ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी । इस मौके पर मुख्य अतिथि देवेन्द्र चंदेल ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है और बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए पढ़ाई के साथ-साथ योगाभ्यास और नैतिक शिक्षा पर भी अध्यापकों को जोर देना चाहिए इसके अतिरिक्त इस अवसर पर मुख्य अतिथि टीडी शर्मा ने कहा कि दयानंद आदर्श विद्या पब्लिक स्कूल औहर शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रहा है उन्हें बच्चों को नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया मुख्य अतिथि देवेन्द्र चंदेल ने पाठशाला को 5100 दिया जबकी मुख्य अतिथि टीडी शर्मा ने 2100 का अनुदान दिया ।

## बागवानों के लिए वरदान साबित होगी एचपी शिवा परियोजना

प्रथम न्यूज । शिमला, 8 दिसंबर (वी शर्मा)



कृषि-बागवानी प्रधान राज्य हिमाचल प्रदेश ने उच्च तकनीक को अपनाकर किसानों-बागवानों की आजीविका के साधन एवं उनकी आय में बढ़ोतरी करने में सफलता हासिल की है। आज प्रदेश के किसानों द्वारा उत्पादित फल, फूल, सब्जियों तथा उच्च मूल्य की नकदी फसलों का प्रदेश की आर्थिकी में महत्वपूर्ण योगदान है। एचपी शिवा परियोजना प्रदेश के किसानों और बागवानों के लिए एक वरदान साबित होगी, जिससे राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जनवरी 2023 से दिसंबर 2028 तक एचपी शिवा मुख्य परियोजना एशियन विकास बैंक के संसाधनों के साथ कुल लागत 1292 करोड़ रुपये के साथ अनुमोदित की गई है। परियोजना के तहत हिमाचल प्रदेश के सात जिलों बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सिरमौर, सोलन, एवं ऊना के 28 विकास खंडों में 6000 हेक्टेयर क्षेत्रफल को बागवानी के तहत लाने का लक्ष्य रखा गया है जिससे 15 हजार से अधिक बागवान परिवार लाभान्वित होंगे। आगामी परियोजना की तैयारी हेतु 39 क्लस्टर स्थापित किए गए, 228 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर किया गया, जिससे 1250 किसान परिवार लाभान्वित हुए हैं। मुख्य परियोजना के क्रियान्वयन हेतु 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में 257 क्लस्टर चिन्हित किए जा चुके हैं व 162 सिंचाई योजनाएं विकसित की जानी प्रस्तावित हैं। परियोजना में 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में किये जाने वाले विनिर्माण कार्य जैसे कि भूमि तैयार करना, सोलर मिश्रित तार बाड़बंदी, ड्रिप सिंचाई प्रणाली लगाना व सिंचाई योजनाओं को लगाने के कार्य प्रगति पर हैं। इसके तहत 162 सिंचाई परियोजनाओं में से 121 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है और 177 क्लस्टर स्थापित किये जा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त सौर मिश्रित बाड़बंदी व भूमि तैयार करने के कार्य 73 क्लस्टरों में जारी है। एचपीशिवा मुख्य परियोजना के अंतर्गत गत दो वर्षों में लगभग 324 हेक्टेयर क्षेत्र उच्च घनत्व उपोष्ण कटीबंधीय फलों के अंतर्गत लाया जा चुका है। परियोजना में अभी तक कुल 122 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं तथा इसमें से 106 करोड़ रुपये की अदायगी एशियन विकास बैंक द्वारा की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 114 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 3,687 बागवानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। बागवानी क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है। बागवानों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश में बागवानी क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है।

## यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी के रक्तदान शिविर में पुलिस कर्मियों ने किया रक्तदान

प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र, 8 दिसंबर (बृजमोहन)



यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी द्वारा हर साल कि तरह इस साल भी 18 दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन ब्रह्मसरोवर के तट पर किया जा रहा है। महोत्सव के छठे दिन बूथ नंबर 455, 456, 457, पर सेवाएं दे रहे पुलिस के जवानों द्वारा रक्तदान किया गया। इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर ने बताया कि यह रक्तदान सेवाएं 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक 18 दिवसीय रक्तदान शिविर हर साल की तरह लगाया हुआ है जिसमें देश के कोने-कोने से आए हुए श्रद्धालुओं द्वारा पिछले 5-6 दिनों में रक्तदान किया गया और उनको बहुत खुशी मिलती है। गीता के उपदेश स्थलीय पर रक्तदान करके बहुत खुशी मिलती हैं कि हमें यहां पर दोनों काम करने का मौका मिल रहा है। एक तो हम इस पवित्र तीर्थ के दर्शन होते और हमें घूमने का मौका मिला एवं यहां संस्कार संस्कृति और गीता का उपदेश सुनने का मौका मिला और रक्तदान कर पुण्य का लाभ मिलता है। इस मौके पर कुरुक्षेत्र लोक जननायक हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम की इंचार्ज डॉक्टर रमा, सुमित कुमार, पल्लवी, विनोद पाल होलकर, राजेंद्र ग्रोवर, गुरमेल सिंह ककराला, मनीष राणा ककड़ी, जीत राम, हुकुम चंद, पुर्ण कलसोरा, शेर नंबरदार, रामपाल, सचिन पाल, पोली देवी, रोहित धीमान, सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

## कानपुर में बोले सीएम आदित्यनाथ: जो अच्छा लगता हो उसका आचरण करके आगे बढ़ो

प्रथम न्यूज । कानपुर, 8 दिसंबर (सुनील बाजपेई)



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश और समाज के हित में जो उचित लगता हो उसका अनुसरण करके आगे बढ़ना चाहिए।

आज रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामा विश्वविद्यालय, मंधना के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। ऋषि मुनियों और धार्मिक ग्रंथो का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा- भारतीय दृष्टि देखिए कितनी महान थी। हमने सत्य के मार्ग पर चलने की बात कही है। यानी सत्य के साथ-साथ धर्म के मार्ग का अनुसरण करो। उन्होंने कहा- अगर दुनिया के अंदर धर्मों को किसी ने समझा है तो भारतीय ऋषियों ने समझा है। उपासना तक सीमित नहीं रखा। किसी भी ऋषि ने ये नहीं कहा कि जो मैं कह रहा हूं वही सत्य है। आपकी मर्जी आप मेरी बात मानो या न मानो। देश और समाज के लिए जो अच्छा लगता हो उसका आचरण करके आगे बढ़ो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे यह भी कहा कि कोई भी भारत का सनातन धर्मावलंबी ये नहीं कह सकता है कि वह तभी हिन्दू है जब वह मंदिर जाएगा। जो जाएगा वह भी है और जो नहीं जाएगा वह भी है। कोई बाध्यता नहीं है उसके लिए। मैं वेदों को मानू न शानू, मैं शास्त्रों में विश्वास करूं न करूं। तभी मेरा हिन्दुत्व कहीं मुझसे भाग नहीं जा रहा है। वह तब भी हमें जोड़कर चल रहा है। उपासना विधि की भी चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि धर्म को हमने कभी उपासना विधि तक सीमित नहीं किया। किसी एक ईष्ट या एक ग्रंथ तक सीमित नहीं किया। उन्होंने कहा-आज भी हर एक भारतीय परिवार अपने घर में वैदिक ग्रंथ संजो कर रखता है। उसे पता है कि यह मेरी पहचान है। उन्होंने धर्म को बहुत सूक्ष्म तत्व बताते हुए कहा कि उसे हर कोई नहीं समझ पाएगा। इसलिए जो भी हमारे महापुरुष कहें उनके मार्ग का अनुसरण करो। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने डिजिटल अरेस्ट की भी चर्चा की और कहा कि डिजिटल अरेस्ट की बहुत शिकायत आ रही है। इसके लिए हमें जागरुक होना है।

## अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के कार्यक्रमों को लेकर डीसी ने डयूटी मैजिस्ट्रेट किए नियुक्त

प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र, 8 दिसंबर (बृजमोहन)

उपायुक्त एवं जिलाधीश नेहा सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा कार्यक्रमों में किसी प्रकार की कोई कमी ना रहे, इस विषय को जहन में रखते हुए अलग-अलग कार्यक्रमों के लिए डयूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है। यह डयूटी मैजिस्ट्रेट दिन व रात्रि के समय निर्धारित शेडयूल के अनुसार अपनी डयूटी का निवर्हन करेंगे। इस विषय को गंभीरता से लकर अधिकारी अपनी डयूटी करेंगे।

उपायुक्त एवं जिलाधीश नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ब्रह्मसरोवर के अन्दरुनी क्षेत्र में जिला उद्यान अधिकारी कुरुक्षेत्र सत्या नारायण की डयूटी सुबह 10 बजे से लेकर रात 10 बजे तक रहेगी तथा रात्रि 10 बजे से सुबह के 10 बजे तक सहायक भूमि सरंक्षण अधिकारी कुरुक्षेत्र बलवान सिंह की रहेगी। इस प्रकार ब्रह्मसरोवर के बाहरी क्षेत्र में कृषि विभाग के खण्ड कृषि अधिकारी विनोद कुमार की डयूटी सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक व खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधीक्षक संजीव कुमार की डयूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 10 बजे तक रहेगी। इसी प्रकार सन्नहित सरोवर पर जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार की डयूटी सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा सहायक कृषि अभियंता राजेश वर्मा की डयूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 10 बजे तक रहेगी। उन्होंने बताया कि सहायक गन्ना विकास अधिकारी शाहबाद बलजिन्द्र सिंह की डयूटी ज्योतिसर तीर्थ स्थल पर सुबह 10 से रात्रि 10 बजे तक तथा डीसीओ कुरुक्षेत्र गुलशन कुमार की डयूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 10 बजे तक रहेगी। उन्होंने बताया कि सरस्वती तीर्थ स्थल पेहवा में मत्स्य अधिकारी पेहवा सूर्या प्रकाश की डयूटी सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा सब डिवीजन पेहवा जन स्वास्थ्य विभाग से एसडीओ रखाराम की डयूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 10 बजे तक लगाई गई है।

उपायुक्त ने बताया कि 5 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक ब्रह्मसरोवर में होने वाले क्राफ्ट एवं सरस मेला में होने वाले कार्यक्रमों को जिला परिषद के सीओ नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पुरुषोतमपुरा बाग में दिन के समय में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नोडल अधिकारी एसडीएम शाहबाद को बनाया गया है। इसी प्रकार रात्रि के समय में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नोडल अधिकारी एचसीएस नसीब सिंह को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पुरुषोतमपुरा बाग में लगी राज्य स्तरीय प्रदर्शनी व विदेशी शिल्प कार्यक्रम का नोडल अधिकारी जीएम डीआईसी कुरुक्षेत्र को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पुरुषोतमपुरा बाग में होने वाले पार्टनर राज्य व हरियाणा पैवेलियन संबंधी कार्यक्रमों का नोडल अधिकारी डीडी एमएसएमई को बनाया गया है। ब्रह्मसरोवर के उतरी क्षेत्र में लगने वाले पुस्तक मेला कार्यक्रम हिस्ट्री एण्ड कल्चर विभाग के डायरेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि ज्योतिसर और सन्नहित सरोवर में होने वाली श्रीमदभागवत गीता कथा के लिए डीडीपीओ कुरुक्षेत्र को नोडल अधिकरी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि 5 दिसम्बर को पुरुषोत्तमपुरा बाग गीता यज्ञ व गीता पूजन में एसडीएम शाहबाद को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार 15 दिसंबर तक पुरुषोत्तमपुरा बाग में होने वाली आरती व भजन संध्या जिला राजस्व अधिकारी श्रीमती चेतना चौधरी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया 5 दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय गीता सेमिनार के इनोग्रेशन के लिए एसडीएम पेहवा को नोडल नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि 8 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक सन्निहित सरोवर में होने वाले गीत श्लोक, निबन्ध,रंगोली, पेंटिंग, मेंहदी प्रतियोगिता, शिल्पकला इत्यादि प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए डीएचओ कुरुक्षेत्र को नोडल बनाया है। उन्होंने बताया कि 9 दिसम्बर को पुरुषोत्तमपुरा बाग में होने वाले संत सम्मेलन व 10 दिसंबर को पुरुषोत्तमपुरा बाग में होने वाले अखिल भारतीय देवसतनाम सम्मेलन के आयोजन के लिए अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट को नोडल बनाया गया है।

